<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1320

24 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन की लागत

1320. श्रीमती ज्योति धुर्वेः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस्पात उत्पादन की लागत को कम करने के लिए प्रयास कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या इस्पात उत्पादन की लागत कम करने के लिए कोस्टल शिप ट्रांसपोर्ट, रिवरिन शिप ट्रांसपोर्ट और रेलवे को इन प्रयासों में शामिल किया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>इस्पात राज्य मंत्री</u> **<u>श्री विष्णु देव साय</u>**

(क) और (ख): सरकार ने दिनांक 8 मई, 2017 को भारत के राजपत्र में राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 को अधिसूचित किया है जिसमें प्रौद्योगिकी दृष्टि से विकसित और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक एक ऐसे इस्पात उद्योग की परिकल्पना की गई है जिससे आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिल सके। नीति में आगे यह प्रावधान किया गया है कि कच्चे माल और फिनिश्ड माल के परिवहन को समुद्री जलमार्गों और तटीय शिपिंग के जरिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे इस्पात की लागत में कमी हो जाएगी।

*****